प्रेगनेंसी टेस्ट किट

जब भी माहवारी न आए और गर्भ ठहर जाने का संदेह हो तो प्रेगनेंसी टेस्ट किट की सहायता से जाँच करनी चाहिए। इसकी मदद से घर में ही पेशाब की जाँच करके आप पता लगा सकते हैं कि गर्भ है या नहीं।

यह किट मुख्य रूप से मूत्र में एच.सी.जी. (ह्यूमन कोरियोनिक गुनाडो ट्रोफिन) हार्मोन की मौजूदगी का पता करती है।

कुछ ध्यान देने योग्य बातें:

- पीरियड मिस होने के 7 दिन बाद जाँच करने पर ही सही रिज़ल्ट पता चल सकता है, उसके पहले नहीं।
- सुबह की पहली पेशाब से ही जाँच करनी चाहिए।
- पेशाब को एक साफ और सूखे पात्र में रख लें।
- टेस्ट स्ट्रिप के बीच वाले हिस्से को न छुएँ।



टेस्ट किट के दिए गए ड्रॉपर की मदद से स्ट्रिप पर पेशाब की दो बूँद डालें।

स्ट्रिप पर पेशाब डालने के 5 मिनट बाद जाँच का परीक्षण करें।



यदि स्ट्रिप पर एक ही लाईन आए तो इसका मतलब टेस्ट नेगिटिव है।



यदि स्ट्रिप पर दो लाईन आए तो इसका मतलब टेस्ट पोज़िटिव है।



यदि स्ट्रिप पर कोई भी लाईन न आए तो इसका मतलब टेस्ट इनवैलिड है। दुबारा करें।

रख–रखाव:

किट को कमरे के सामान्य तापमान वाले ठण्डे स्थान पर रखे, किट को अधिक समय तक सीधे धूप, नमी एवं गर्मी जैसी स्थितियों के सम्पर्क से बचाये।

किट का निस्तारण कैसे करें:

पेशाब और उपयोग की गयी किट सम्भावित रूप से संक्रमित होते हैं इसलिए जरूरी है कि उन्हें दूसरों के सम्पर्क में आने से बचाया जाए। इस्तेमाल हुए किट को पैकेट में डालकर सामान्य कूड़े में डालें और अन्त में हाथ साबुन से धोएँ।